बरेली, रविवार
28 फरवरी, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

PAGE NO 7 : BOTTOM

उपलब्धि | 15वें राष्ट्रीय मैनेजमेंट दिवस पर रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा वितरित किया गया पुरस्कार

पांच क्षेत्रों में मिले आरएमए एक्सीलेंस अवार्ड

रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा 15वें राष्ट्रीय मैनेजमेंट दिवस के अवसर पर बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा व केसीएमटी के विनय खंडेलवाल • सौ.संस्था

जासं, बरेली : रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसियेशन ने पंद्रहवें राष्ट्रीय मैनेजमेंट दिवस पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को आरएमए एक्सीलेंस अवार्ड दिए। समारोह का उद्घाटन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष कुमार गंगवार, डीएम नितिश कुमार, आरएमए के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा , बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, आरएमए के उपाध्यक्ष डॉ. विनय खण्डेलवाल, राजेश गुप्ता , सचिव कदीर अहमद एवं प्रोग्राम निदेशक डॉ. नीरज सक्सेना ने दीप प्रज्वलन कर किया। पुरस्कार समारोह में पब्लिक लीडरशिप के लिए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष कुमार गंगवार, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में वीना माथुर (मरणोपरांत), आरबीएमआइ ग्रुप, इंडस्ट्रियल डवलेपमेंट के लिए केसर इंटरप्राइजेज के प्रेसीडेंट शरत मिश्रा व इन्टरप्रिन्योरशिप डवलेपमेंट के लिए रामा श्यामा पेपर मिल्स के दिनेश गोयल को आरएमए एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित हुए। एसके सिंह, आदित्य मूर्ति, सम्भव शील, आशुतोष शर्मा, अखिलेश माथुर, डॉ निखिल, आशीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।